Email OK

**प्रेषक,**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर ।

**सेवा में,**

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
एन0आई0सी0,
सुलतानपुर।

**पत्रांक**–समग्र शिक्षा / के0जी0बी0वी0 / 6601-70 /2026–2027 दिनांक– 10/6/26

**विषय**–कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा आधारित शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु जारी की गयी विज्ञप्ति एवं वर्गवार/विषयवार सूचियों को बेबसाइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में ।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा आधारित शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु जारी की गयी विज्ञप्ति एवं वर्गवार/विषयवार सूची एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को एन0आई0सी सूलतानपुर की बेबसाइट पर अपलोड किया जाना है।

अस्तु आपसे अनुरोध है कि पत्र के साथ प्रेषित की जा रही विज्ञप्ति एवं वर्गवार/विषयवार सूची एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को एन0आई0सी सूलतानपुर की बेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक–उक्तवत्

भवदीय

**(उपेन्द्र गुप्ता)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर

**पृ0सं0:** पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय समग्र शिक्षा, लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, सुलतानपुर ।
03. मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर।
04. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, सुलतानपुर।
05. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0 लखनऊ।
06. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, अयोध्या मण्डल अयोध्या।
07. प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर।
08. जिला विद्यालय निरीक्षक सुलतानपुर।
09. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद सुलतानपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर।

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर।

पत्रांकः समग्र शिक्षा / के0जी0बी0वी0 / 6400-6410 / 2026–27 दिनांकः 18/06/2026

## विज्ञप्ति

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1553 / 68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग– लखनऊ दिनांकः 11.12.2020, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / शिक्षक / 8362 / 2020–21 दिनांकः 04.01.2021 एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / 11308 / 2022–23 दिनांकः 14.02.2023 शासनादेश संख्या–2805 / 68–5– 2023–02 / 2020 दिनांकः 01 फरवरी, 2023 एवं शासनादेश संख्या– I / 570148 / 2024 File No-68–5099 / 23 / 2024–5 ( ) दिनांक 28–05–2024 तथा शासनादेश संख्या– I / 775757 / 2024 File No- 68–5099 / 23 / 2024–अनुभाग–5 दिनांक 21–10–2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक के0जी0बी0वी0 / 1837 / 2024–25 दिनांक 30–05–2024 तथा पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / 7114 / 2024–25 दिनांक 28.10.2024 के अनुपालन एवं जिलाधिकारी महोदय की अनुमति दिनांक 12.06.2026 के क्रम में जनपद सुलतानपुर में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों / उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 12) में शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारियों के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर आगामी सत्र हेतु (11 माह 29 दिन) शैक्षिक व गैर शैक्षिक पदों पर उल्लिखित विवरण के अनुसार **केवल महिला योग्यताधारी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।** पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक **10 जुलाई, 2026** तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विवेक नगर सुलतानपुर पिन कोड 228001 सायं 05 बजे तक प्राप्त किये जायेगें।

(1) रिक्त पदों का विवरण **(कक्षा–06 से 08)** निम्नवत् हैः– **(समस्त पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित)**

| क्र0 सं0 | पदनाम | आयु सीमा (आयु की गणना 01 अप्रैल, 2026 से की जायेगी) | पदों की संख्या | अनुसूचित जाति | अन्य पिछडा वर्ग | ई0डब्ल्यू0 एस0 | अनारक्षित | पी0ए0बी0 द्वारा स्वीकृत नियत मानदेय प्रतिमाह (ई0पी0एफ0 सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (गणित) | 25 से 45 वर्ष तक | 02 | - | - | - | 02 | 25,410/- |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (विज्ञान) | | 01 | - | - | - | 01 | 25,410/- |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर शिक्षा) | | 01 | - | - | - | 01 | 12,790/- |
| 4 | लेखाकार | | 01 | - | 01 | - | - | 14,357/- |
| 5 | मुख्य रसोइयां | | 02 | - | 01 | - | 01 | 9006/- |
| 6 | सहायक रसोइयां | | 04 | 01 | 01 | - | 02 | 6755/- |
| 7 | चपरासी (अनुचर) | | 03 | 01 | 01 | - | 01 | 7,505/- |

(2) रिक्त पदों का विवरण **(कक्षा–09 से 12)** निम्नवत् हैः– **(समस्त पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित)**

| क्र0 सं0 | पदनाम | आयु सीमा | पदों की संख्या | अनुसूचित जाति | अन्य पिछडा वर्ग | ई0डब्ल्यू0 एस0 | अनारक्षित | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाचार्य | 25 से 45 वर्ष तक | 02 | 01 | - | - | 01 | 30,000/- |
| 2 | पी0जी0टी0–हिन्दी | | 01 | - | - | - | 01 | 22,000/- |
| 3 | पी0जी0टी0–अंग्रेजी | | 01 | 01 | - | - | - | 22,000/- |
| 4 | पी0जी0टी0–गणित | | 01 | - | - | - | 01 | 22,000/- |
| 5 | पी0जी0टी0–जीव विज्ञान | | 02 | 01 | - | - | 01 | 22,000/- |
| 6 | पी0जी0टी0–रसायन विज्ञान | | 01 | - | - | - | 01 | 22,000/- |
| 7 | पी0जी0टी0–भौतिक विज्ञान | | 01 | 01 | - | - | - | 22,000/- |
| 8 | लैब असिस्टैंट | | 05 | 01 | 01 | - | 03 | 7,147/- |
| 9 | कार्यालय अधीक्षक / लिपिक | | 01 | 01 | - | - | - | 12,430/- |
| 10 | केयर टेकर | | 01 | 01 | - | - | - | 24,200/- |
| 11 | रसोइयां | | 20 | 05 | 06 | 02 | 07 | 6433/- |
| 12 | चपरासी (अनुचर) | | 04 | 01 | 02 | - | 01 | 7,147/- |
| 13 | चौकीदार | | 04 | 0 | 01 | 01 | 02 | 7,147/- |

**नोटः**–प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।

### शैक्षिक अर्हता –

- **पूर्णकालिक शिक्षिका –(गणित)**
  गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)
- **पूर्णकालिक शिक्षिका–(विज्ञान) की अर्हता–**
  जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)
- **अंशकालिक शिक्षिका–(कम्प्यूटर शिक्षा) की अर्हता–**
  कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक एवं पी0जी0डी0 सी0ए0 / बी0सी0ए0 / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से "ओ–लेवल" / ए–लेवल डिप्लोमा।
- **लेखाकार–** स्नातक वाणिज्य तथा एम0एस0 आफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में ओ लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में अभ्यर्थिनी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

### शैक्षिक अर्हता –

- **प्रधानाचार्या की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी / अंग्रेजी) अथवा एम0एससी0 (भौतिक विज्ञान / रसायन विज्ञान / जन्तु विज्ञान / वनस्पति विज्ञान / गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।

(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या

(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो।

- **पी0जी0टी0 हिन्दी की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी
- **पी0जी0टी0 अंग्रेजी की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।
- **पी0जी0टी0 गणित की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  1– एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित अथवा
  2– गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस०सी० (आनर्स)
- **पी0जी0टी0 जीव विज्ञान की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  1– वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस0सी० अथवा
  2– कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में जन्तु विज्ञान अथवा
  3– कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान अथवा
  4– यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम०एस०सी० (लाइफ साइंस) अथवा
  5– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०
- **पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  1– रसायन विज्ञान में एम०एससी० अथवा
  2– रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० (आनर्स) अथवा
  3– यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा
  4– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०
- **पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान की अर्हता–(प्रशिक्षित)**
  1–एम०एस0सी० (भौतिक शास्त्र) अथवा
  2– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०
- **लैब** असिस्टेन्ट **की अर्हता–**
  हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा
  मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ
- **कार्यालय अधीक्षक/लिपिक की अर्हता–**
  1– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।
  2– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड /परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र। अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री
  3– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट
- **केयरटेकर की अर्हता–** परास्नातक एवं बी0एड0। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- **मुख्य रसोइयां की अर्हता–** कक्षा–8 उत्तीर्ण। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- **सहायक रसोइयां की अर्हता–** कक्षा–8 उत्तीर्ण। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- **रसोइयां की अर्हता–** कक्षा–8 उत्तीर्ण। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- **चपरासी (अनुचर) की अर्हता–** कक्षा–8 उत्तीर्ण। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- **चौकीदार की अर्हता–** कक्षा–8 उत्तीर्ण। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।

**(2) आयु–(आयु की गणना 01 अप्रैल, 2025 से की जायेगी)**

- पदों पर चयन, वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

**(3) आरक्षण**–राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

**(4) चरित्र**–किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

**(5) चयन प्रक्रिया–**

- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–

| क्र0सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X30/100 |

नोट–

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा ।
- रसोइयां, सहायक रसोइयां, मुख्य रसोईयां, चपरासी (अनुचर) एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।
- पूर्णकालिक शिक्षिका, केयर टेकर, रसोइयां, सहायक रसोइयां, मुख्य रसोईयां, चपरासी (अनुचर) एवं चौकीदार का पद पूर्णकालिक है, इन पदों पर चयनित कार्मिकों को विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा।

**(6) सत्यापन–**

शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत आवश्यक **दिशा–निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद के बेवसाईट https://sultanpur.nic.in/** पर **अपलोड है।** आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र (स्नातक एवं परास्नातक के सभी वर्षों का अंकपत्र), प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं तथा अपना नाम, पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक के निर्धारित शुल्क के डाक टिकट लगे हुए अनिवार्य रूप से संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम व विषय तथा आरक्षण वर्ग अवश्य लिखें। प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा। साधारण डाक से प्रेषित व अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और न ही इस सम्बन्ध में कोई सूचना दी जायेगी। काउन्सिलिंग/साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले किसी भी अभ्यर्थिनी को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार के बदलाव/सुधार एवं किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति का होगा। इसमें अभ्यर्थी का किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**(उपेन्द्र गुप्ता)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर के पत्रांकः समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/6400–6410/2026–27 दिनांकः 18.06.2026

## कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय में रिक्त पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

### (केवल महिला अभ्यर्थी हेतु)

नवीनतम स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो ग्राफ

01. आवेदित पद का नाम–............................................................

02. आवेदित विषय–............................................................

03. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)–............................................................

(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)–............................................................

04. अभ्यर्थिनी के पिता/पति का नाम–............................................................

05. जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)–............................................................

06. आयु (01.04.2026) वर्ष ............................ माह................................ दिन ............................................

07. गृह जनपद–............................................................

08. आरक्षित श्रेणी (अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति)–..............................

09. मोबाइल नं0–.......................................... आधार नं0–............................................

10. स्थायी पता–............................................................

11. पत्राचार का पता–............................................................

12. कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका जो वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये हैं, की दशा में कार्य अनुभव– .......... वर्ष ............माह ........ दिन का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न ..........

13. शैक्षिक योग्यता का विवरण–(स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| क0 सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक (तीनों वर्ष के अंक पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें) | | | | | | |
| 5 | बी0एड0 | | | | | | |
| 6 | टी0ई0टी0/सी0टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | |

14. संलग्नकों का विवरण– 01. 02. 03. 04. 05.

### घोषणा

मैं एतददवारा घोषणा करती हूँ कि मैंने विज्ञप्ति में अंकित की गयी पात्रता की शर्तें भली–भॉति पढ़ ली है तथा मुझे मान्य हैं और उक्त शर्तें पूर्ण करती हूँ। इस आवेदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण/सूचनाएं सत्य एवं सही हैं और मैंने इन सभी तथ्यों/विवरणों/सूचनाओं में कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। कोई तथ्य/विवरण/सूचना असत्य एवं गलत पाये जाने पर अथवा मेरे द्वारा छिपाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाय।

संलग्नक–

दिनांक–

अभ्यर्थिनी के हस्ताक्षर